स्वतंत्रता दिवस 15TH AUGUST की हार्दिक शुभकामनाएं

आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच

वर्ष : 27 | अंक : 236 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, शुक्रवार, 15 अगस्त, 2025 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 22

# सुदर्शन चक्र से अभेद्य होगी राष्ट्रीय सुरक्षा

## प्रधानमंत्री ने 79वें स्वतंत्रता दिवस पर देश को किया संबोधित

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश के 79वें स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले के प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 103 मिनट तक देश को संबोधित करते हुए आने वाले दशक का रोडमैप रखा और कई अहम घोषणाओं से नई दिशा का संकेत दिया। राष्ट्रीय सुरक्षा को अभेद्य बनाने के लिए सुदर्शन चक्र मिशन का ऐलान किया, तो आम नागरिकों को राहत देने के लिए दिवाली पर जीएसटी दरों में कटौती का भरोसा दिलाया। तकनीकी मोर्चे पर, इस साल के अंत तक देश में बनी पहली सेमीकंडक्टर चिप बाजार में उतारने की घोषणा हुई। ऊर्जा आत्मनिर्भरता, घुसपैठ रोकने के लिए हाई डेमोग्राफी मिशन और पाकिस्तान पर सख्त रुख...प्रधानमंत्री का संबोधन इन तमाम मुद्दों पर दृढ़ता और स्पष्टता से भरा रहा।



मोदी ने प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना की घोषणा की, जिसके तहत प्राइवेट सेक्टर में पहली नौकरी पाने वालों को सरकार से 15,000 रुपये मिलेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा है कि हमारे युवा भविष्य का आधार हैं और रोजगार उन्हें मजबूती प्रदान करेगा इसलिए देश के युवाओं के लिए एक लाख करोड़ रुपये की प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना बनाई गई है। यह आज से ही लागू की जा रही है।

उन्होंने कहा कि कि आज 15 अगस्त है। देश के युवाओं को रोजगार के अवसर सुनिश्चित करने के लिए आज से ही युवाओं के लिए एक लाख करोड़ रुपये की योजना लागू की जा रही हैं। युवाओं को रोजगार देने वाली कंपनियों को भी प्रोत्साहित करने की योजना बनाई गई है, जिसके तहत तय किया गया है कि जो भी कंपनी ज्यादा रोजगार उपलब्ध कराएगी उसे प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। उनका कहना था कि इस योजना से करीब 3.5 करोड़ नौजवानों के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध होने की उम्मीद है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इस साल दिवाली पर देशवासियों को नई पीढ़ी के जीएसटी सुधारों का तोहफा मिलने वाला है। उन्होंने कहा कि देश में जीएसटी को लागू किए आठ साल हो चुके हैं। इसके फायदे दिख रहे हैं। अब इस साल दिवाली पर एक विशेष तोहफा मिलने जा रहा है।






## सीईओ डॉ. लोकेश एम ने किया ध्वजारोहण



**नोएडा (चेतना मंच)।** सेक्टर 6 एक इंदिरा गांधी कला केंद्र नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉक्टर लोकेश एम ने आज 79वें स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर राष्ट्रगान के बाद स्कूली छात्राओं ने राष्ट्रभक्ति के गीत गाकर समां बांध दिया। वहीं अंग्रेजों द्वारा हमारे रणवांकुरों भगत सिंह राजगुरु तथा सुखदेव को फांसी देने से संबंधित एक नाटिका का मंचन भी किया गया। इस मौके पर सीईओ ने कहा कि 15 दिनों में मुख्यमंत्री भंगेल एलिवेटेड रोड के साथ-साथ प्राधिकरण के नए भवन व कई अन्य योजनाओं का अनावरण भी करेंगे। उन्होंने कहा कि गंगाजल के मामले में अभी 330 एमएलडी पानी की आपूर्ति हो रही है। शीघ्र ही नए सेक्टर में नवंबर-दिसंबर तक गंगाजल की आपूर्ति शुरू हो जाएगी। उन्होंने कहा कि गांव में भी तेजी से विकास कार्यों को गति दी जा रही है। इस अवसर पर उन्होंने नोएडा प्राधिकरण के कर्मचारियों व अधिकारियों को कार्य के प्रति संकल्प लेने का आह्वान किया। इस मौके पर एसीईओ संजय खत्री, वंदना त्रिपाठी, सतीश पाल, ओएसडी महेंद्र प्रसाद, देवेन्द्र प्रताप, महा प्रबंधक सिविल अशोक कुमार अरोड़ा, महाप्रबंधक एसपी सिंह, महा प्रबंधक (जल एवं विद्युत यांत्रिकी) आर.पी. सिंह, उप महाप्रबंधक सिविल विजय रावल, समेत कई बड़े अधिकारी तथा सभी वर्क सर्किल के वरिष्ठ प्रबंधक के अलावा नोएडा एम्पलाइज एसोसिएशन के अध्यक्ष चौधरी राजकुमार व समिति कर्मचारी मौजूद थे।








# आजादी का मतलब है राष्ट्रीय कर्तव्यों का पालन : योगी





**लखनऊ ( एजेंसी )।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले पर झंडारोहण कर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी। इस दौरान उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता केवल अधिकार नहीं, बल्कि राष्ट्रीय कर्तव्यों का पालन करना भी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब उत्तर प्रदेश का प्रत्येक नागरिक एक स्वर और एक भाव से अपने उत्तरदायित्व निभाएगा, तभी विकसित भारत का सपना साकार होगा। यह दिन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, महान क्रांतिकारियों और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के अदम्य संघर्ष की अमूल्य देन है। उन्होंने पूरे देश को एक सूत्र में बांधते हुए सैकड़ों वर्षों की गुलामी से हमें मुक्त कराया। उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। जय हिंद!

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रदेश और देशभर में हर्षोल्लास का माहौल है। स्कूल, कॉलेज और सार्वजनिक स्थलों पर झंडारोहण के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जा रहा है। लोग देशभक्ति गीत और नृत्य प्रस्तुतियों के माध्यम से आजादी के महत्व को याद कर रहे हैं।

# सुपारी हत्या का पर्दाफाश : मुठभेड़ में पुलिस ने पांच बदमाशों को दबोचा, दो घायल



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा के बिसरख कोतवाली क्षेत्र में रहने वाले समाजसेवी नरेश प्रजापति की हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। गुरुवार रात हुई मुठभेड़ में पुलिस ने हत्या के आरोप में पांच बदमाशों को दबोच लिया। इनमें से दो आरोपी चिपियाना बुजुर्ग इलाके में हुई मुठभेड़ में घायल हुए, जबकि तीन अन्य को पुलिस ने कांबिंग के दौरान पकड़ लिया। आरोपियों के कब्जे से अवैध हथियार, हत्या में प्रयुक्त वाहन, धारदार हथियार, मृतक का मोबाइल और कपड़े बरामद हुए हैं। शुरुआती जांच में पुलिस का दावा है कि यह हत्या सुपारी लेकर की गई थी और इसकी साजिश एक महीने पहले रची गई थी।

नरेश प्रजापति समाजसेवा के साथ-साथ हवन-पूजन का आयोजन भी करते थे। 27 जुलाई को आरोपियों ने उन्हें हवन कराने के बहाने डासना औद्योगिक क्षेत्र बुलाया था। हालांकि, नरेश उस दिन एक अन्य व्यक्ति के साथ पहुंचे, जिससे हत्या का मंसूबा फेल हो गया। इसके बाद 2 अगस्त को आरोपियों ने नरेश को कार में बैठाकर बुलंदशहर ले जाकर धारदार हथियार से हत्या कर दी और शव को थाना नरसेना क्षेत्र में नहर किनारे फेंक दिया। शव पर कुल्हाड़ी या धारदार दांती जैसे हथियार से वार के स्पष्ट निशान थे।

डीसीपी सेंट्रल नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि पुलिस को तकनीकी और खुफिया इनपुट के आधार पर आरोपियों का पता चला। गुरुवार को बिसरख पुलिस ने चेकिंग के दौरान चिपियाना बुजुर्ग में संदिग्ध कार को रोका, लेकिन आरोपी भागने लगे। पुलिस ने उनका पीछा कर उन्हें घेर लिया। जवाबी कार्रवाई में नीरज और सुनील नामक दो आरोपी गोली लगने से घायल हुए। कांबिंग के दौरान सौरभ कुमार, प्रवीण और अंकित को भी गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से तीन अवैध देसी तमंचे, तीन जिंदा कारतूस, दो खोखा कारतूस, हत्या में प्रयुक्त स्विफ्ट डिजायर कार, एक धारदार दांती, मृतक का मोबाइल और गमछा बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपियों ने हत्या की स्वीकारोक्ति की और बताया कि उन्होंने 2 अगस्त को नरेश की हत्या कर शव को नहर किनारे फेंका था।

घटना के बाद से मृतक के परिवार और ग्रामीण न्याय की मांग को लेकर सड़कों पर हैं। 3 अगस्त को शव मिलने के बाद ग्रामीणों ने बिसरख कोतवाली का घेराव कर विरोध प्रदर्शन भी किया था। पुलिस पिछले 10 दिनों से इस हत्या की गुत्थी सुलझाने में लगी थी और 24 घंटे के भीतर खुलासा करने का आश्वासन दिया था।


## उत्तर रेलवे

### ई-निविदा सूचना

वरिष्ठ मंडल वि. अभि./क. वि., डी. आर. एम. ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| | |
|---|---|
| 1 | **कार्य का नाम व स्थान :** 03 वर्ष की अवधि के लिए दिल्ली मंडल के टावर वैगनों का अनिवार्य सामग्री/पुर्जों की आपूर्ति और स्थापना तथा अनुसूचित रखरखाव सहित वार्षिक रखरखाव। |
| 2 | **अनुमानित लागत :** रु. 9,20,96,162.44/- |
| 3 | **बयाना राशि :** रु. 6,10,500/- |
| 4 | **ई-निविदा ऑनलाइन जमा करने की अवधि :** 27.08.2025 (10.30 बजे) से 10.09.2025 (15.00 बजे तक) |
| 5 | **ई-निविदा समापन की अंतिम तथा ई-निविदा खुलने की तारीख और समय :** 10.09.2025 (15.00 बजे) |
| 6 | **निविदा छपाई की लागत :** 07041032 |
| 7 | **वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है :** www.ireps.gov.in |

सं.: 02A-क.वि.-नई दिल्ली-2025-26 दिनांक: 14.08.2025 2497/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## पूर्वोत्तर रेलवे

**ई-निविदा सूचना संख्या-या/246/1/15/25-26/ओ.टी.-17**

मुख्य कारखाना प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए, निविदा पत्र में अंकित योग्यता मापदंडों के अनुसार ई-निविदायें आमंत्रित की जाती हैं :

**क्रम सं. :** 1, **कार्य का संक्षिप्त विवरण :** यांत्रिक कारखाना, इज्जतनगर में 100 अदद नॉन-एसी आई.सी.एफ. कोच की टॉयलेट के उन्नयन का कार्य (स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार), **अनुमानित मूल्य :** रु. 10,93,09,518.00 (दस करोड़ तिरानवे लाख नौ हजार पाँच सौ अठ्ठारह रुपये मात्र), **जमानत राशि :** रु. 6,96,600.00 (छह लाख छियानवे हजार छह सौ रुपये मात्र), **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** रु. शून्य, **कार्य अवधि :** 12 माह, **निविदा खुलने की तिथि व समय :** दिनांक 04.09.2025 को 15.30 बजे।

**नोट :- 1.** उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण निविदा प्रपत्र सहित दिनांक 13.08.2025 को समय 17.00 बजे से वेबसाइट www.ireps.gov.in पर टेण्डर खुलने की तिथि 04.09.2025 को 15:00 बजे तक उपलब्ध है। **2.** उपरोक्त निविदा में ई-बिड के अतिरिक्त किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेन्डरों को चाहिये कि वे अपने आपको I.T. Act 2000 के अन्तर्गत C.C.A. द्वारा जारी क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। **3.** निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित ऑनलाइन दर्ज करने पर ही विचारणीय हैं। दरें तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी फार्म लेटर हेड पर यदि संलग्न हैं तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधी तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा। **4.** ई-निविदा हेतु धरोहर राशि ई-भुगतान नेट बैंकिंग अथवा गेटवे भुगतान के रूप में ही स्वीकार की जायेगी।

**उप मुयांइ/उत्पादन, यॉंत्रिक कारखाना,**
**मुजाधि/यांत्रिक-55 पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर**

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें


# मेरी छवि खराब करने की हो रही है साजिश : पंडित



**नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति के प्रदेश सहायक सचिव गोविंद शर्मा उर्फ पिंकी पंडित (शहदरा) ने जारी अपने बयान में कहा है कि कुछ लोग मेरी छवि धूमिल करने के लिए मेरे ऊपर अनर्गल आरोप लगाकर मुझे बदनाम करने के अभियान में जुटे हैं।

उन्होंने कहा कि अभी हाल ही में कुछ लोगों ने एक पोर्टल पर खबर चलवाकर मेरी छवि धूमिल करने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि मैंने कभी भी न तो अवैध कॉलोनी काटी है ना मेरा कोई उससे मतलब है।

उन्होंने कहा कि मेरी बढ़ते कद के कारण लोग मुझसे ईर्ष्या रखने लगे हैं और मुझे बदनाम करने का षड्यंत्र कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं कभी भी कोई ऐसा काम नहीं किया जिससे समाज में मेरी छवि को दाग लगे। उन्होंने कहा कि अवैध कालोनी काटने एवं बेचने से मेरा कभी कोई रिश्ता नहीं रहा है।










## कार्यालय : संयुक्त आयुक्त ( वि0 अनु0 शा0 ) राज्य कर, संभाग- ए / बी नोएडा

### :: नीलामी सूचना ::

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य कर, विभाग नोएडा की विभिन्न सचल दल इकाइयों द्वारा अभिग्रहीत निम्न माल / सामग्री की नीलामी की जानी है।

| क्र सं | विवरण | नीलामी स्थल | अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क अधिकारी | धरोहर राशि का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कुल 3712 पेयर फुटवियर | सूरजपुर ग्रेटर नोएडा | सुश्री प्रियंका सहायक आयुक्त 7235002872 | रु0 5000.00 का डिमांड ड्राफ्ट ASSISTANT COMMISSIONER MOBILE SQUAD 01 STATE TAX NOIDA |
| 2 | 3W JUNCTION BOX 10000 नग | उक्त | सुश्री प्रियंका सहायक आयुक्त 7235002872 | रु0 5000.00 का डिमांड ड्राफ्ट ASSISTANT COMMISSIONER MOBILE SQUAD 01 STATE TAX NOIDA |
| 3 | 54 नग वायर तथा 82 पीस पुराने मोटर | उक्त | सुश्री प्रियंका सहायक आयुक्त 7235002872 | रु0 5000.00 का डिमांड ड्राफ्ट ASSISTANT COMMISSIONER MOBILE SQUAD 01 STATE TAX NOIDA |
| 4 | सवमर्सिबल पम्प 20 नग | उक्त | श्री रोहित रावत सहायक आयुक्त 7235002928 | रु0 5000.00 का डिमांड ड्राफ्ट ASSISTANT COMMISSIONER MOBILE SQUAD 02 STATE TAX NOIDA |
| 5 | वाहन संख्या UP21AN6716 व परचून | उक्त | सुश्री सुगंधा सिंह सहायक आयुक्त . 7235002949 | रु0 10000.00 का डिमांड ड्राफ्ट ASSISTANT COMMISSIONER MOBILE SQUAD 04 STATE TAX NOIDA |
| 6 | 1740 जीन्स पेंट | उक्त | सुश्री शिखा सिंह सहायक आयुक्त , मो-8299205359 | रु0 5000.00 का डिमांड ड्राफ्ट ASSISTANT COMMISSIONER MOBILE SQUAD 05 STATE TAX NOIDA |
| 7 | फुल वाडी ट्रक TATA LPT-3118/56E-III, 5883-UP78CN8198 तम्बाकू / पान मसाला | उक्त | सुश्री शिखा सिंह सहायक आयुक्त , मो-8299205359 | रु0 10000.00 का डिमांड ड्राफ्ट ASSISTANT COMMISSIONER MOBILE SQUAD 05 STATE TAX NOIDA |
| 8 | वाहन संख्या DL1LT 9578 ( EECO FLAXI GREEN ) व EDC मशीन 52 नग | उक्त | श्री सुरेश कुमार पाल सहायक आयुक्त , मो-7235001941 | रु0 10000.00 का डिमांड ड्राफ्ट ASSISTANT COMMISSIONER MOBILE SQUAD 06 STATE TAX NOIDA |

उपरोक्त समस्त माल / सामग्री की नीलामी दिनांक 22-08-25 दिन शुक्रवार को प्रात: 11.00 बजे से " जहां है जैसा है " के आधार पर की जायेगी। नीलामी में भाग लेने वाले केवल रजिस्टर्ड व्यापारीगण / व्यक्ति नियत तिथि व नियत स्थल (कालम संख्या 03 में वर्णित )पर नीलामी हेतु वर्णित वस्तु के समक्ष अंकित आवश्यक डिमांड ड्राफ्ट अपने साथ लेकर समय से प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें। नीलामी से सम्बंधित नियम व शर्तों की जानकारी सम्बंधित कार्यालय / दूरभाष पर किसी भी कार्य दिवस में प्रात: 10.00 बजे से सांय 5.00 बजे प्राप्त की जा सकती है। नीलामी की वस्तु पर GST /टैक्स लगायी गयी बोली के अतिरिक्त देय होगा।

सहायक आयुक्त, राज्य कर,
सचल दल इकाई 1, 2, 4, 5, 6 नोएडा





# शेषाद्री रामानुजन चारी होंगे भारत के नए उपराष्ट्रपति एनडीए ने तय किया प्रत्याशी



**नई दिल्ली।** भारत के उपराष्ट्रपति पद को लेकर चल रहा सस्पेंस समाप्त हो गया है। भारत के नए उपराष्ट्रपति शेषाद्री रामानुजन चारी बनेंगे। भारतीय जनता पार्टी व एनडीए ने शेषाद्री रामानुजन चारी को उपराष्ट्रपति पद का प्रत्याशी तय कर दिया है। उपराष्ट्रपति के चुनाव में एनडीए के प्रत्याशी की जीत निश्चित है इस कारण यह साफ कहा जा सकता है कि शेषाद्री रामानुजन चारी भारत के अगले उपराष्टपति होंगे । उपराष्टपति का चुनाव 9 सितंबर 2025 को होगा।

आपको बता दें कि एनडीए की तरफ से उपराष्टपति पद के लिए प्रत्याशी बनाए गए शेषाद्री रामानुजन चारी संघ के पुराने स्वयंसेवक हैं । शेषाद्रि रामानुजन चारी एक भारतीय राजनीतिज्ञ, पत्रकार, लेखक और रणनीतिक एवं विदेश नीति विश्लेषक हैं। चारी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक हैं। ये वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति के सदस्य हैं। पूर्व में भाजपा मुख्यालय में विदेश मामलों के प्रकोष्ठ के प्रमुख के रूप में कार्यरत थे। शेषाद्रि चारी संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम में शासन सलाहकार भी रहे हैं और दक्षिण सूडान के जुबा में कार्यरत हैं । भारतीय जनता पार्टी व एनडीए की तरफ से उपराष्ट्रपति पद के लिए शेषाद्री रामानुजचारी के नाम की अभी आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है लेकिन भाजपा के सूत्रों का दावा है कि भाजपा और एनडीए गठबंधन ने उनके नाम पर अंतिम मोहर लगा दी है ।
















# श्री सांई मंदिर में स्वतंत्रता दिवस एवं श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर होंगे विशेष आयोजन



**नोएडा ( चेतना मंच )।** प्रतिवर्ष की भांती इस वर्ष भी सेक्टर-40 स्थित श्री साई मंदिर में स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त 2025 एवं श्री कृष्ण जन्मोत्सव 16 अगस्त को भव्य एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। मंदिर समिति महासचिव देवराज गोयल ने बताया कि 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण समाजसेवी त्रिलोक शर्मा तथा मंदिर समिति अध्यक्ष एवं सदस्यों द्वारा प्रात: 10.00 बजे किया जाएगा, ध्वजारोहण के उपरांत साई विद्या निकेतन के विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी, जिनमें प्रेरणादायक देशभक्ति गीत, भावपूर्ण भाषण तथा नृत्य प्रस्तुतियां शामिल होंगी।

















श्रीमती आनंदीबेन पटेल
महामहिम राज्यपाल
उत्तर प्रदेश
सभी प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
15 August
Independence Day
गोविन्द शर्मा (पिंकी पंडित)
प्रान्तीय सहायक सचिव
अपराध निरोधक समिति (लखनऊ)




# खाद्य विभाग का छापा जांच के लिए 6 नमूने उठाए

**नोएडा ( चेतना मंच )।** स्वतंत्रता दिवस एवं कृष्ण जन्माष्टमी पर्व के दृष्टिगत जनपद वासियों को शुद्ध खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर मेधा रूपम के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारीगण खाद्य प्रतिष्ठानों पर छापेमारी कर खाद्य पदार्थों के नमूने जांच हेतु संग्रहित कर रहे हैं।

इसी श्रृंखला में सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय सर्वेश मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि खाद्य सुरक्षा अधिकारी सय्यद इबादुल्लाह , विशाल कुमार गुप्ता एवं अमर बहादुर सरोज की टीम द्वारा गौर सिटी 2 दिव्यांश मार्केट स्थित श्री जी मिष्ठान भंडार से लड्डू का 01 नमूना लिया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी मुकेश कुमार, रविंद्र नाथ वर्मा एवं मालती की टीम द्वारा साइट सी सूरजपुर इंडस्ट्रियल एरिया स्थित आर डी फूड प्रोडक्ट्स से नमकीन का 01 नमूना लिया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी शैलेंद्र कुमार पांडेय, ओ पी सिंह एवं विजय बहादुर पटेल की टीम द्वारा कंचनजंगा मार्केट सेक्टर 53 नोएडा स्थित गुप्ता स्टोर से कुट्टू आटा का 01 नमूना व सेक्टर 53 नोएडा गिझोड़ स्थित अनिल उपभोक्ता भंडार से पूजा के तेल के नाम से बेचें जा रहे लगभग 12 किलो तेल में से तेल का 01 नमूना लेकर अवशेष को सीज कर दिया गया। इसी टीम द्वारा सेक्टर 40 नोएडा स्थित श्री जी स्वीट्स एंड फास्ट फूड से मोती चूर लड्डू का 01 व छपरौली सेक्टर 168 नोएडा स्थित बीकानेर स्वीट्स से बूंदी लड्डू का 01 नमूना लिया गया।













































सभी क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ महेश शर्मा
सांसद, गौतमबुद्धनगर लोकसभा,
एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री
अभिषेक शर्मा
जिला अध्यक्ष
भारतीय जनता पार्टी, गौतमबुद्धनगर


सभी क्षेत्रवासियों को
स्पोर्ट्स लैंड डेरीन
सेक्टर-151, पंडित का पुरवा देरीन की तरफ से
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं




चेतना मंच परिवार की ओर से सभी सुधि पाठकों, विज्ञापन दाताओं व अभिकर्ताओं को हार्दिक शुभकामनाएं


















# जिलाधिकारी ने सर्वाइकल कैंसर से बचाव को लेकर की बैठक

**नोएडा (चेतना मंच)।** सर्वाइकल कैंसर रोकथाम, जागरूकता व वैक्सीनेशन को लेकर आज  जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट कार्यालय कक्ष में सम्बंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में जिला समाज कल्याण अधिकारी सतीश कुमार, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर जेसलाल, जिला सेवायोजन अधिकारी मनीषा अत्री, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉक्टर राजेश कुमार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पवार, महिला उन्नति संस्था से डॉ राहुल, इन्दू गोयल, ब्यूटीफुल टुमारो संस्था से डॉ मधु गुप्ता सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी ने कहा कि सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए लक्षित 09-15 आयु वर्ग की बालिकाओं का समयबद्ध टीकाकरण अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें और निर्धारित लक्ष्य को हर हाल में पूरा करें। उन्होंने निर्देश दिए कि स्कूलों, आंगनबाड़ी केन्द्रों और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं, ताकि अधिक से अधिक लाभार्थियों तक जानकारी पहुंच सके।

जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि विद्यालयों में पीटीएम के माध्यम से अभिभावकों को अभियान के महत्व से अवगत कराया जाए। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि यह अभियान जन-स्वास्थ्य की प्राथमिकता है, इसलिए इसे मिशन मोड में संचालित किया जाए।











































सभी क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता
दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
मोहित बेनीवाल
प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा
अभिषेक शर्मा
जिलाध्यक्ष
डॉ. महेश शर्मा
सांसद गौतमबुद्धनगर एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री, भारत सरकार
सतेन्द्र शिशोदिया
अध्यक्ष पश्चिमि उ.प्र. भाजपा
अमित चौधरी
अध्यक्ष जिला पंचायत, गौतमबुद्धनगर
निवेदक: भारतीय जनता पार्टी, गौतमबुद्धनगर

# 30 शहरी गरीब लाभार्थियों को मिला पक्का मकान

गौतमबुद्धनगर। जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) गौतमबुद्धनगर द्वारा शहरी गरीबों के लिए संचालित 'आसरा योजना' के अंतर्गत आज 30 लाभार्थियों को विकास भवन सूरजपुर के सभागार में आयोजित आवास आवंटन कार्यक्रम में उन्हें पक्के मकानों का आवंटन किया गया।



आश्रय योजना के अंतर्गत आवास आवंटन कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी डॉ. शिवाकांत द्विवेदी ने की। लकी ड्रॉ प्रक्रिया का शुभारंभ करते हुए उन्होंने एक लाभार्थी के नाम व फ्लैट नंबर की उद्घोषणा से की। इसके बाद अपर जिलाधिकारी न्यायिक भैरपाल सिंह और डिप्टी कलेक्टर वेद प्रकाश पांडेय ने भी एक-एक लाभार्थी के नाम और फ्लैट नंबर घोषित किए।

आयोजित कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी तरुण कुमार, सिटी मिशन मैनेजर शीला कुमारी एवं संबंधित अधिकारी सहित लाभार्थी उपस्थित रहे।


दैनिक चेतना मंच

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने M/s Sai Printing Press, डी-85 सेक्टर-6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200

Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com





















सभी क्षेत्रवासियों को
AUGUST
15
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं
डॉ महेश शर्मा
सांसद, गौतमबुद्धनगर लोकसभा,
एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री
तेजपाल सिंह नागर
विधायक (दादरी विधानसभा)
भारतीय जनता पार्टी, गौतमबुद्धनगर

METRO GROUP OF HOSPITALS
HEALTHCARE • EDUCATION

# METRO HOSPITALS

## THE PIONEERS IN AFFORDABLE QUALITY HEALTHCARE

**27 Years** of Trust & Clinical Excellence

- Interventional Cardiology
- Oncology (Medical, Surgical & Radiation)
- Nephrology & Urology
- General & Minimal Invasive Surgery
- 25+ other multi super speciality services
- Cardiac & Vascular Surgeries
- Obstetrics & Gynaecology
- Pulmonology & Respiratory Diseases
- Paediatrics & Neonatology
- Neurology, Neuro & Spine Surgeries
- Gastroenterology & Liver Diseases
- Orthopaedics & Arthroscopy
- Intensive & Critical Care



**Protocol-based Specialized Centres:**

| | | | |
|---|---|---|---|
| Rapid Stroke Response | 24x7 Stroke Specialists | Brain Tumour Clinic | Every Friday 3 pm - 5 pm |
| METRO HeadACHE Clinic | Every Wednesday 12 pm - 4 pm | | Sunday Cardiac OPD Every Sunday \| 11 am - 1 pm |
| Movement Disorder Clinic | Every Saturday 12 pm - 4 pm | | Evening OPD Mon to Saturday \| 5 pm - 7 pm |

For any assistance, please call: **8447 666 333**

**Metro Hospital, Noida**
(Heart Wing) X-1, Sector - 12, Noida | (Multi Wing) L-94, Sector - 11, Noida

Scan QR Code to know more details


M/s Yash Construction Company
Noida
स्वतंत्रता दिवस
एवं जन्माष्टमी की
हार्दिक शुभकामनाएं
Yash Nagar


M/s Shubham jain
MZ-37, Ansal Fortune Arcade Sector-18, Noida
स्वतंत्रता दिवस
एवं जन्माष्टमी की
हार्दिक शुभकामनाएं


M/s SR Construction
F-4 East Jyoti Nagar, Loni Road, Shahadra, Delhi
15 August
Happy
Independence
Day
Subodh Gupta

सभी क्षेत्रवासियों को

# स्वतंत्रता दिवस

की हार्दिक शुभकामनाएं



# APEX ENTERPRISES

# NANDINI ENTERPRISES

Proprietor

## Praneet Bhati

Proprietor

## Niketa Bhati

**डी-35, ओमेक्स इंडिया ट्रेड सेंटर, अल्फा-2, ग्रेटर नोएडा**

## जिलाधिकारी ने किया मलकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम का निरीक्षण

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर मेधा रूपम ने मलकपुर स्पोर्ट्स



स्टेडियम, ग्रेटर नोएडा का स्थलीय निरीक्षण करते हुए स्टेडियम की सुविधाओं, रखरखाव और खिलाड़ियों के प्रशिक्षण माहौल का बारीकी से अवलोकन किया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने खेल विभाग के वरिष्ठ प्रशिक्षक को निर्देश दिए कि स्टेडियम में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले सभी खिलाड़ियों के लिए पर्याप्त खेल उपकरण, मूलभूत सुविधाएं और स्वच्छ वातावरण हर समय उपलब्ध रहें। उन्होंने कहा कि खेलकूद प्रोत्साहन समिति के माध्यम से उपकरणों की खरीद, ट्रैक और मैदान की मरम्मत, जिम व कोर्ट की देखभाल तथा खिलाड़ियों के लिए आवश्यक सुविधाएं समय पर सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि स्टेडियम में स्वच्छ पेयजल, साफ-सुथरे शौचालय, उचित बैठने की व्यवस्था और खेल सामग्री का नियमित रखरखाव अनिवार्य रूप से किया जाए।
















## त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचक नामावलियों की समीक्षा बैठक

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** जिलाधिकारी के निर्देशानुसार अपर जिलाधिकारी (प्रशासन)/निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी मंगलेश दुबे की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचक नामावलियों के वृहद पुनरीक्षण–2025 की तैयारियों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में संबंधित अधिकारियों को निर्वाचन कार्य से जुड़ी सभी गतिविधियों को समयबद्ध एवं नियमानुसार पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही उप जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि तहसील स्तर पर भी सभी बीएलओ एवं सुपरवाइजरों को समुचित रूप से प्रशिक्षण दिया जाए।

अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) ने बताया कि निर्वाचक नामावलियों का वृहद पुनरीक्षण लोकतांत्रिक प्रक्रिया का महत्वपूर्ण अंग है। त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन–2026 की तैयारियों के दृष्टिगत त्रिस्तरीय पंचायत की निर्वाचक नामावली के वृहद पुनरीक्षण 2025 हेतु 19 अगस्त 2025 से 29 सितंबर 2025 तक बीएलओ द्वारा घर–घर जाकर गणना और सर्वेक्षण तथा हस्तलिखित पांडुलिपि तैयार करने का कार्य संपादित किया जाएगा, जिसके अंतर्गत पात्र मतदाताओं के नाम जोड़े जाने, अशुद्ध प्रविष्टियों को संशोधित करने एवं मृत अथवा स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाने की कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने सभी खंड विकास अधिकारियों, पंचायत सचिवों एवं संबंधित कार्मिकों को निर्देशित किया कि घर–घर जाकर सत्यापन कार्य में पूरी सावधानी बरती जाए और किसी भी पात्र मतदाता का नाम छूटने न पाए।

बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि पुनरीक्षण कार्य के दौरान राज्य निर्वाचन आयोग उत्तर प्रदेश द्वारा निर्धारित प्रपत्रों एवं दिशानिर्देशों का कड़ाई से पालन किया जाए। विशेष रूप से युवा मतदाताओं जो 1 जनवरी 2025 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हो (18 वर्ष पूर्ण करने वाले) के पंजीकरण पर विशेष जोर देने को कहा गया।














सभी क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
व जन्माष्ठमी की
हार्दिक शुभकामनाएं
कैप्टन मलखान सिंह
वी.एस.एम. एण्ड बार
गांव-सर्फाबाद नोएडा
राष्ट्रीय चैम्पियन इन कुश्ती 1969 से 1987
राष्ट्रपति से प्रशंसा पत्र धारक-1982 और 1995
सेना अध्यक्ष से प्रशंसा पत्र धारक 1978 और 1982
NIS DIPLOMA IN WRESTLING-1978


सभी क्षेत्रवासियों को
AUGUST
15
स्वतंत्रता दिवस
एवं जन्माष्टमी की
हार्दिक
शुभकामनाएं
एच पी सिंह परिहार
समाजसेवी एवं भाजपा नेता


M/s Ayushi Construction
Sanjay Nagar, Sector-23, Ghaziabad
15 August
Happy
Independence
Day
Vijay Tyagi


M/s A.C. Construction Co.
WA-74, Sector-130 Noida
15 August
Happy
Independence
Day
Azad Chauhan

# स्वतंत्रता दिवस पर जरूर याद आती है नोएडा के नलगढ़ा में भगत सिंह की शरणस्थली

स्वतंत्रता दिवस-2025 भारत का 78वां स्वतंत्रता दिवस है। स्वतंत्रता दिवस पर हर साल नोएडा शहर को भी याद किया जाता है। नोएडा शहर का भारत के स्वतंत्रता दिवस के साथ गहरा सम्बंद्ध है। नोएडा में आज भी वह गाँव मौजूद है जहां भारत के अमर शहीद भगत सिंह तथा उनके साथी शरण लिया करते थे। इतना ही नहीं भारत को स्वतंत्रता दिवस का दिन दिखाने के लिए हुई क्रांति के दौरान दिल्ली की एसेंबली में जो बम फोड़ा गया था वह बम नोएडा शहर की धरती पर ही तैयार किया गया था। यहां हम आपको स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नोएडा की भूली हुई गाथा याद दिला रहे हैं।




## नोएडा के नलगढ़ा गाँव में था शहीद भगत सिंह का छिपा हुआ ठिकाना

15 अगस्त के आसपास देशभर में आज़ादी के दीवानों को याद किया जाता है, लेकिन नोएडा के सेक्टर-145 में स्थित एक छोटा-सा गाँव नलगढ़ा अभी भी गुमनाम है। यह वही जगह है जिसने कभी महान क्रांतिकारी भगत सिंह जैसे स्वतंत्रता सेनानी को अंग्रेज़ों से छिपने की पनाह दी थी। स्थानीय लोग और स्वतंत्रता सेनानियों के वंशज गर्व के साथ बताते हैं कि इस गाँव का भारत के स्वतंत्रता संग्राम से गहरा नाता रहा है, पर वे इस बात पर अफ़सोस भी जताते हैं कि उनकी विरासत को आज तक वह पहचान और सम्मान नहीं मिला जिसकी वह हक़दार है। नोएडा शहर में स्थित नलगढ़ा गाँव को हर साल स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जरूर याद किया जाता है। सदियों से यमुना नदी के पार का इलाक़ा दिल्ली से दूर और अनदेखा रहा था। वर्तमान नोएडा का यह क्षेत्र ब्रिटिश शासन के दौर में दलदली ज़मीन और घने जंगलों से भरा एक सुनसान इलाक़ा था। नलगढ़ा गाँव के एक ओर हिंडन नदी और दूसरी ओर यमुना बहती है; लगभग सौ साल पहले इन नदियों के बीच बसी इस निर्जन जगह की अपरिचित लोकेशन और घने जंगलों ने अंग्रेज़ों से छुपने में क्रांतिकारियों की काफी मदद की। कहा जाता है कि भगत सिंह कानपुर से 1924 में निकलकर कुछ समय के लिए इसी क्षेत्र के एक गाँव में प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक बनकर रहे थे। उस दौर में हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन जैसे क्रांतिकारी दल के सदस्य गुपचुप उनसे मिलने यहाँ आते थे।

## वर्ष-1972 में नोएडा के नलगढ़ा में थे भगत सिंह

सन 1927 के आसपास भगत सिंह वास्तव में आज के नोएडा शहर में स्थित नलगढ़ा की इसी जमीन पर मौजूद थे। गाँव के बुज़ुर्ग आज भी बताते हैं कि भगत सिंह अकेले नहीं थे- उनके साथ सुखदेव, राजगुरु जैसे क्रांतिकारी साथी और आसपास के फूल सिंह, करनैल सिंह जैसे स्थानीय स्वतंत्रता सेनानी भी यहाँ आए थे। गाँव वालों की मानें तो अंग्रेज़ों से बचने के लिए भगत सिंह अकसर अपना हुलिया बदलकर रहते थे और आसपास के खेतों में प्रयोग करते थे। इसी गाँव में रहकर भगत सिंह और उनके साथियों ने बम बनाने और उन्हें परखने की योजना बनाई थी। आठ अप्रैल 1929 को दिल्ली की केंद्रीय विधान सभा में जो बम फेंके गए, वे कथित तौर पर नलगढ़ा में ही तैयार किए गए थे। ब्रिटिश हुकूमत को चुनौती देने वाली इस कार्रवाही की बुनियाद कहीं न कहीं इसी गाँव में रखी गई थी। नलगढ़ा के गुरुद्वारे में आज भी एक बड़ा पत्थर संभालकर रखा गया है, जिसके बारे में मान्यता है कि भगत सिंह और उनके साथियों ने इसी पर विस्फोटक मिश्रण तैयार किया था। इस पत्थर पर दिखाई देते दो छोटे गड्ढे मानो उन रसायनों की कहानी कहते हैं जो भारत की आज़ादी की लड़ाई में इस्तेमाल हुए थे। ग्रामीण इस पत्थर को अपने इतिहास की अनमोल निशानी मानते हैं और इसे सम्मानपूर्वक गुरुद्वारे में सजाकर रखा गया है। कहा जाता है कि यह वही पत्थर है जिस पर केमिकल मिलाकर बम बनाए गए थे, जिनका इस्तेमाल 1929 में दिल्ली असेंबली बमकांड में हुआ। आज़ादी के दीवानों की उन गुप्त गतिविधियों की यह मूक निशानी पीढ़ी दर पीढ़ी गाँव के गौरव और बलिदान की गाथा सुनाती आ रही है।

## स्वतंत्रता दिवस को लेकर आज़ाद भारत में बदलता दौर, भूली यादें

आपको बता दें कि स्वतंत्रता दिवस को लेकर आजाद भारत में सोच बदलती रही है। 1947 में आज़ादी मिलने और देश के बंटवारे के बाद नोएडा के इलाके में अनेक सिख एवं गुर्जर परिवार आकर बसे। 1950 के दशक तक नलगढ़ा एक स्थायी बस्ती का रूप लेने लगा, जब करीब 300 परिवारों ने जंगल काटकर यहाँ अपना आशियाना बनाया। यहीं आजीवन रहने वाले करनैल सिंह जैसे बुज़ुर्ग स्वतंत्रता सेनानी ने अपनी ज़िन्दगी इसी गाँव में गुज़ारी। ग्रामीण अमरजीत सिंह बताते हैं कि करनैल सिंह उम्र के अस्सीवें पड़ाव पर भी हृष्ट-पुष्ट थे और आज़ादी के बाद भी रोज़ साइकिल चलाकर दूर दादरी कस्बे तक अख़बार लेने जाते थे। जब लोग उनसे पूछते कि इतनी दूर क्यों, तो करनैल मुस्कुराकर कहते- 'देखूं तो देश कितना बदल रहा है'। ये वही करनैल सिंह थे जिन्होंने भगत सिंह के साथ मिलकर आज़ादी की लड़ाई लड़ी और बाद में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की आज़ाद हिंद फ़ौज में भी योगदान दिया। हालांकि वक़्त के साथ नलगढ़ा का परिदृश्य पूरी तरह बदल चुका है। कभी चारों ओर जंगल से घिरा यह इलाक़ा अब नोएडा के सेक्टर-145 में समा चुका है। गाँव के आसपास तेज रफ़्तार यमुना एक्सप्रेसवे दौड़ता है और ऊँची-ऊँची रिहायशी इमारतें खड़ी हो चुकी हैं। वीरान पनाहगाह रहा नलगढ़ा आज आधुनिक विकास के बीच दब गया है, पर इसके इतिहास के निशान पूरी तरह नहीं मिटे। गाँव के गुरुद्वारे में रखे पत्थर और बुज़ुर्गों की कहानियाँ इस जगह की महत्ता की याद दिलाते हैं।

## नलगढ़ा को आज भी नहीं मिला वह सम्मान

आज़ादी के करीब आठ दशक बाद भी इस 'क्रांतिकारियों के गाँव' को वह सम्मान नहीं मिला जिसकी उम्मीद थी। स्थानीय लोग शिकायत करते हैं कि सरकार ने यहाँ के वीरों की अनदेखी की है ङ्क न कोई स्मारक बना, न उनकी याद में सालाना आयोजन होता है। बीते स्वतंत्रता दिवस पर गाँव में शायद ही किसी घर पर तिरंगा नज़र आया था। गुरुद्वारे के ग्रंथि जोगिंदर सिंह दर्द के साथ पूछते हैं, 'आज हम अपने पूर्वजों की बदौलत आज़ादी मना पा रहे हैं। अगर हमारा देश उनकी भूमिका को पहचान कर इस गाँव को उसका हक़ का सम्मान नहीं दे सकता, तो हम क्यों यह आज़ादी मनाएँ?' उनकी पीड़ा उस उपेक्षा को बयां करती है जो नलगढ़ा ने झेली है। नोएडा प्राधिकरण ने सेक्टर-145 में शहीद भगत सिंह के नाम पर एक स्मारक पार्क बनाने की योजना घोषित की थी। तस्वीर में नलगढ़ा की खाली ज़मीन पर लगा स्मारक स्थल का बोर्ड इस इंतज़ार का प्रतीक है। वर्ष 2015 में इस भूखंड पर पार्क और मेमोरियल बनाने की बात कही गई थी, लेकिन आज भी यह बोर्ड सूनी जमीन पर अकेला खड़ा है। इसके आसपास गगनचुंबी इमारतों का नया नोएडा बस चुका है, पर यह बोर्ड मानो अतीत की ओर इशारा करके पूछ रहा है कि उन बलिदानों की याद को ठोस रूप कब मिलेगा। नलगढ़ा के लोग चाहते हैं कि उनकी मिट्टी की इस विरासत को आधिकारिक मान्यता मिले, ताकि आने वाली पीढ़ियाँ जान सकें कि उनके शहर की नींव में किसका खून-पसीना शामिल है।

**- फीचर डेस्क**

## नोएडा तथा ग्रेटर नोएडा से जुड़े प्रमुख स्वतंत्रता सेनानियों को जानना जरूरी है

**जब हम स्वतंत्रता दिवस की बात कर रहे हैं तो हमें नोएडा तथा ग्रेटर नोएडा से जुड़े रह चुके स्वतंत्रता सेनानियों की बात करना भी जरूरी है।**







**भगत सिंह** - महान क्रांतिकारी, जिन्होंने ब्रिटिश राज के ख़िलाफ़ नौजवान भारत सभा व अन्य संगठनों के जरिए संघर्ष किया। भगत सिंह ने नोएडा के नलगढ़ा गाँव को कुछ समय के लिए अपना गुप्त ठिकाना बनाया और यहीं अपने साथियों संग बम परीक्षण व योजना बनाई।

**सुखदेव थापर**- भगत सिंह के करीबी साथी और लाहौर षड़यंत्र केस के शहीद। सुखदेव नलगढ़ा में भगत सिंह से मिलने आते थे और इस क्षेत्र में क्रांतिकारी गतिविधियों में सहयोग देते थे।

**शिवराम राजगुरु**- भगत सिंह के साथी, जिन्होंने सांडर्स हत्याकांड में सहयोग किया था। कहा जाता है कि राजगुरु ने भी नोएडा क्षेत्र (नलगढ़ा) में छिपकर कुछ समय बिताया और भगत सिंह के साथ मिलकर रणनीति बनाई।

**चंद्रशेखर आज़ाद** - हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन आर्मी के प्रमुख नेता और भगत सिंह के मार्गदर्शक। लोककथाओं के अनुसार आज़ाद ने भी कुछ समय के लिए इस इलाके में गुप्त शरण ली थी, क्योंकि दिल्ली से लगते यमुना पार के इन जंगलों में अंग्रेज़ों की पहुँच मुश्किल थी।

**बटुकेश्वर दत्त**- क्रांतिकारी जिन्होंने भगत सिंह के साथ मिलकर दिल्ली असेंबली में बम फेंका था। दत्त भी भगत सिंह के सहयोगी थे और नलगढ़ा में बम बनाने की तैयारी व परीक्षण में शामिल रहे; यही वे बम थे जिनसे ब्रिटिश सरकार को चेतावनी दी गई थी।

**सुभाष चंद्र बोस**- आज़ाद हिंद फ़ौज (INA) के संस्थापक नेताजी भले सीधे नोएडा क्षेत्र में न रहे हों, लेकिन उनकी सेना के कई सदस्यों ने आज़ादी की लड़ाई के दौरान नलगढ़ा समेत गौतमबुद्ध नगर के आसपास शरण ली थी। नलगढ़ा में आज़ाद हिंद फ़ौज से जुड़े करनैल सिंह जैसे स्वतंत्रता सेनानी रहते थे, जिन्होंने आज़ादी के बाद भी इस गाँव को अपना घर बनाया और संघर्ष की कहानियों को जीवित रखा।

नोएडा का नलगढ़ा गाँव आज भले ही गुमनामी में है, लेकिन स्वतंत्रता संग्राम में इसकी भूमिका गौरवशाली रही है। आधुनिक चमक-दमक के बीच दब चुकी इस विरासत को उजागर करने की ज़रूरत है, ताकि स्वतंत्रता दिवस के जश्न के मौके पर हम उन अनसुने नायकों को भी नमन कर सकें जिन्होंने चुपचाप राष्ट्र की आज़ादी की बुनियाद रखी थी।

# दिल की सेहत है खास, ख्याल रखना जरूरी

**मनुष्य के शरीर में दिल की सेहत खास महत्व रखती है। आज के दौर में बदलती जीवनशैली और कई अन्य कारणों से दिल की सेहत खराब रहने लगी है। ऐसे में हम अपना हृदय कैसे सेहतमंद रखें और क्या खास तरीके अपनाएं जिससे हम स्वस्थ्य रहें। इस बारे में बता रहे हैं देश के जाने-माने व कई पुरस्कारों से सम्मानित प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ व मेट्रो ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. पुरूषोत्तम लाल।**



## पाठकों को खास संदेश

**मैं कहूंगा कि हमें अपने हृदय स्वास्थ्य को पूरे ध्यान और संवेदनशीलता से देखभाल करने की आवश्यकता है। हमारा हृदय हमारे जीवन के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण है, और हमें इसे सुरक्षित रखने के लिए सजग और परिश्रमी रहना चाहिए। इसके लिए हमें स्वस्थ जीवनशैली का पालन करना, तनाव को प्रबंधित करना, और नियमित चेकअप करवाना अत्यंत महत्वपूर्ण है। हमारे हृदय स्वास्थ्य के लिए जिम्मेदारी लेते समय हमें अपने परिवार और समाज के अन्य लोगों को भी इसके महत्व के प्रति जागरूक करना चाहिए। - डॉ. पुरूषोत्तम लाल**

### 1. हृदय का विशेष ख्याल रखना क्यों जरूरी है

आज के समय में हृदय का विशेष ख्याल रखना बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि हृदय हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए कुंजी होता है। अधिकांश लोगों की आधुनिक जीवनशैली में अनियमित आहार, बढ़ता हुआ तनाव, अधिक बैठकर काम, और कारणहीन तनाव होते हैं, जो हृदय स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकते हैं। हम आये दिन देख रहे हैं युवा लोगों को हार्ट अटैक का शिकार होते, कभी नाचते हुए, कभी व्यायाम करते हुए. ऐसा किसी के भी साथ न हो उसके अपने हृदय का ख्याल रखना बहुत ज़रूरी है। इसलिए, हमें अपने हृदय के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना चाहिए, और स्वस्थ जीवनशैली की ओर एक सकारात्मक कदम बढ़ाना चाहिए, ताकि हम इस अनमोल उपहार को सुरक्षित रख सकें।

**2 . क्या हृदय संबंधी रोग अब बढ़ गए हैं?**

हां, हृदय संबंधी रोगों की बढ़ोतरी दरसल चिंताजनक है और इसमें आधुनिक जीवनशैली, खराब आहार, तनाव और नियमित जांच की महत्व न देना एक बड़ा कारण है । आधुनिक जीवन में तेजी से बढ़ रही जंक फ़ूड, बढ़ती बैठकों की लाइफस्टाइल, कम शारीरिक गतिविधियाँ, और दुनियाभर में तनाव के साथ, हृदय स्वास्थ्य को प्रभावित कर रहे हैं। इसके अलावा, आयु बढ़ने के साथ हृदय संबंधी रोगों के जोखिम भी बढ़ते हैं, और लोगों की चिकित्सा सेवाओं और जागरूकता की कमी के कारण, यह समस्या और भी गंभीर हो रही है। बढ़ता वायु प्रदुषण भी एक महत्वपूर्ण कारण हैं परन्तु ये एक ऐसा फैक्टर है जिसका एक आम इंसान ज़्यादा कुछ कर नहीं सकता। इसलिए, हृदय संबंधी रोगों की रोकथाम और सवालों का समाधान बड़ी महत्वपूर्ण है, और लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और नियमित चेकअप करवाने की जरूरत है।

**3. कोरोना के बाद बढ़ रहे हृदयाघात संबंधी मामलों का सच क्या है?**

कोरोना वायरस से संक्रमित होने वाले कई लोगों में अधिकांश लोगों में असमय हृदय रोगों के लक्षण दिखाई दिए हैं । इसका प्रमुख कारण है कि कोरोना संक्रमण शरीर के इंफ्लेमेटरी प्रतिक्रिया को बढ़ावा देता है और दिल के लिए जोखिम बढ़ा देता है। हृदय विशेषज्ञों के अनुसार, कोरोना संक्रमण के बाद हृदय संबंधी चिंताजनक प्रतिक्रियाएँ हो सकती हैं जैसे कि दिल का दर्द, दिल की धड़कन में अनियमितता, और अन्य हृदय समस्याएँ। इसके अलावा, कोरोना संक्रमण के संबंध में उचित देखभाल और नियंत्रित जीवनशैली का पालन करना महत्वपूर्ण है

ऐसे रोगी जो कोरोना संक्रमण से गुजरे हैं, उन्हें नियमित तौर पर डॉक्टर की सलाह और निरीक्षण के लिए जाना चाहिए, ताकि उनके हृदय स्वास्थ्य को सटीकता से मापा जा सके और किसी भी चिंता जनक स्थिति को सही समय पर सहायक कार्रवाई की जा सके।

4. ऐसे वीडियो वक्त-वक्त पर सामने आते हैं, जिनमें कोई युवा डांस करते या जिम करते समय अचानक ही हृदयाघात का शिकार हो जाता है और दम तोड़ देता है। ऐसे मामलों के बढ़ने की वजह क्या है? इसके पीछे कई कारण हो सकते हैं। कुछ कारण जो इस प्रकार के मामलों को बढ़ा सकते हैं।

**अनियमित व्यायाम :** युवाओं में फिटनेस क्रेज के चलते व्यायाम का कोई अधिकतम समय या सीमा नहीं रह गयी है, जिसके कारण उनके शारीरिक प्रणालियों को अचानक जोर देना एक सामान्य से बात होता जा रहा है । कभी सुबह, कभी शाम और आज कल तो युवा लोग, दोपहर में, देर रात तक भी व्यायाम कर रहे होते हैं 7 इससे शरीर पे नेगेटिव इम्पैक्ट की संभावनाएं ब? जाती हैं ।

**स्ट्रेस और तनाव :** युवाओं के जीवन में अधिक तनाव और प्रेशर के कारण, उनके दिल को ज्यादा काम करना पड़ सकता है, जिससे हृदयाघात के जोखिम में वृद्धि हो सकती है।

**अन्य स्वास्थ्य संबंधित समस्याएँ :** कुछ युवाओं में अन्य स्वास्थ्य समस्याएँ भी हो सकती हैं जैसे कि डायबिटीज, उच्च रक्तचाप, या अन्य कोई समस्या, जिनके कारण उनके हृदय पर अधिक दबाव पड़ सकता है।

**तरलता की कमी :** पर्याप्त पानी पीने की कमी और तरलता की कमी के कारण, हृदय के संबंधित समस्याओं के खतरे में वृद्धि हो सकती है।

**नियमित चेकअप की कमी :** युवाओं में नियमित चेकअप और डॉक्टर की सलाह का पालन करने की कमी हो सकती है, जिससे वे अपने हृदय स्वास्थ्य को नजरअंदाज कर सकते हैं।

यह सब कारण हार्ट अटैक संबंधी मामलों के बढ़ने की वजह हो सकती है, और युवाओं को अपने स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

**5. क्या कोरोना और ऐसी मौतों का कोई संबंध है?**

कोरोना वायरस और ऐसी मौतों के बीच कोई सीधा संबंध नहीं होता है, लेकिन कोरोना महामारी के कारण हो सकने वाली मौतों के कुछ सबंध हो सकते हैं-

**पूर्वग्रसित रोगों का बढ़ना :** कोविड-19 से पीड़ित व्यक्तियों में विशेष रूप से जिन्होंने पहले से हृदय संबंधित समस्याओं का सामना कर रखा होता है, उनके लिए यह और भी खतरनाक हो सकता है। कोविड-19 आपके शारीरिक प्रणाली को थोड़ा या अधिक दबाव डाल सकता है, जो हृदय समस्याओं को बढ़ावा देता है।

**अधिक दबाव :** कोविड-19 के कारण लोगों के ऊपर तनाव और प्रेशर बढ़ता है, जो हृदय स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकता है। तनाव और पूर्वग्रसित हृदय समस्याएँ, जैसे कि उच्च रक्तचाप, आधिक्य और डायबिटीज, को और भी खतरनाक बना सकते हैं।

6. पहले कहा जाता था कि 40 साल के बाद हृदय संबंधी रोग होते हैं, लेकिन अब 20-25 साल का नौजवान भी हृदयघात से दम तोड़ रहा है, इसकी क्या वजह हो सकती है

हाँ, यह सच है कि पहले हृदय संबंधी रोग अक्सर उम्र के बढ़ जाने के बाद ही दिखाई देते थे, लेकिन आजकल कम उम्र के नौजवानों में भी हृदय संबंधी समस्याएँ बढ़ रही हैं। इसके पीछे कई कारण हो सकते हैं।

**खराब आहारः** युवाओं में अधिक तैलीय और इंफ्लमैशन ब?ाने वाले पदार्थों का सेवन बढ़ रहा है, जो आलस्य, ओबेसिटी (मोटापा), उच्च रक्तचाप, और हृदय संबंधी रोगों का कारण बनता है।

**कम शारीरिक गतिविधियाँ :** आधुनिक जीवनशैली में बैठकर काम करना, मोबाइल फोन और कंप्यूटर का अनावश्यक उपयोग, कम शारीरिक गतिविधियों को बढ़ावा देता है, जिससे हृदय स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ सकता है।

**तनाव और दबाव :** युवाओं के बीच में तनाव और दबाव की बढ़ती जद्दोजहद भी हृदय संबंधी समस्याओं को बढ़ावा देती है।

**धूम्रपान और शराब :**युवाओं में धूम्रपान और शराब की अधिक सेवन का प्रभाव उनके हृदय स्वास्थ्य पर हो रहा है।

**जेनेटिक फैक्टर्स :** परिवार में हृदय संबंधी समस्याओं का होना भी युवाओं के हृदय स्वास्थ्य को प्रभावित कर रहा है।

**अनियमित जीवनशैली :** अव्यवस्थित जीवनशैली, बिना नियमित व्यायाम के, और असंतुलित आहार के साथ एक गंभीर स्वास्थ्य खतरा पैदा कर सकती है।

**7. हम अपने हृदय को कैसे सुरक्षित रख सकते हैं?**

**स्वस्थ आहार :** स्वस्थ और संतुलित आहार खाने में ध्यान दें। अपने भोजन में फल, सब्जियाँ, पूरे अनाज, फाइबर से भरपूर आहार, और कम वसा वाले खाद्य पदार्थ शामिल करें। अधिक तेल, चिनी, और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों से बचें।

**नियमित व्यायाम :** नियमित व्यायाम करने का प्रयास करें, कम से कम 30 मिनट प्रतिदिन । व्यायाम आपके हृदय के स्वास्थ्य को सुधारता है और रक्तचाप को नियंत्रित रखता है।

**तंबाकू और शराब से दूर रहें :** धूम्रपान और शराब का सेवन हृदय स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होता है। इन्हें बंद करने का प्रयास करें या कम से कम करें।

**तनाव प्रबंधन :** तनाव को सही तरीके से प्रबंधित करने के लिए ध्यान और मानसिक स्वास्थ्य के लिए समय निकालें। योग, मेडिटेशन, और विभिन्न रिलेक्सेशन तकनीकों का अभ्यास करें।

**नियमित जाँच :** अपने हृदय की स्वास्थ्य की निगरानी के लिए नियमित रूप से डॉक्टर की सलाह लें और साल में कम से कम एक बार हृदय की जाँच करवाएं।

**वजन को नियंत्रित करें :** अगर आपका वजन अधिक है, तो उसे कम करने के लिए कदम उठाएं। अधिक वजन हृदय स्वास्थ्य को खतरे में डाल सकता है।

**समय पर दवाएं खाएं :** यदि आपको किसी हृदय संबंधित समस्या की दवाएं लेनी होती हैं, तो उन्हें नियमित रूप से और डॉक्टर की सलाह के अनुसार खाएं।

**योग का अभ्यास करें :** योग शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को सुधारने में मदद करता है। हृदय स्वास्थ्य के लिए योग का अभ्यास करने का प्रयास करें।

**अपने दिन को स्वस्थ अंदाज़ में बिताएं :** स्वस्थ और नियमित दिनचर्या बनाएं, पर्याप्त नींद पर्याप्त पानी पीने, और स्वस्थ खाद्य पदार्थों का सेवन करें।






# कांग्रेस ने निकाला मशॉल जुलूस

**नोएडा ( चेतना मंच )।** जिला कांग्रेस कमेटी गौतम बुद्ध नगर के अध्यक्ष दीपक भाटी चोटीवाला के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी के देशव्यापी वोट चोरों - गद्दी छोड़ो अभियान के तहत जनपद के ग्रेटर नोएडा वेस्ट में विशाल मशाल जुलूस निकालकर विरोध प्रदर्शन किया गया।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जिला कांग्रेस गौतमबुध नगर के कार्यकर्ता व सिविल सोसाइटी के लोग जिला अध्यक्ष दीपक चोटीवाला के नेतृत्व में सुपरटेक इको विलेज वन के सामने एकत्रित हुए तथा वहां से सैकड़ो मशालों को जलाकर एक साथ, एक सुर में वोट चोरों गद्दी छो?ो का जय घोष करते हुए ग्रेटर नोएडा वेस्ट की मुख्य सड़क से होते हुए हनुमान मंदिर की तरफ बढ़े, हनुमान मंदिर गोलचक्कर पहुंचकर मशाल मार्च को इस संकल्प के साथ स्थगित किया गया की लोकतंत्र को बचने के मशाल निरंतर हम जलाकर रखेंगे।

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक भाटी चोटीवाला ने मशाल जुलूस के दौरान




उपस्थित कार्यकर्ताओं, आम लोगों व मतदाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जिस प्रकार से श्री राहुल गांधी ने तथ्यों के साथ सबूतों के साए में यह सिद्ध कर दिया है कि किस प्रकार से भारत के लोकतंत्र की रक्षक संवैधानिक संस्था चुनाव आयोग तथा भारतीय जनता पार्टी की सरकार देश के लोगों को मुर्ख मानकर मतदान में, मतदाता सूचियों में और वोटिंग मशीनों में भी हेरा फेरी करके जनादेश को लूटने का काम कर रही है।

मशॉल जुलूस कार्यक्रम में धर्म सिंह बाल्मीकि, मुकेश शर्मा, रिजवान चौधरी, सुबोध भट्ट, निशा शर्मा, गौरव वशिष्ठ, मौहम्मद तकी , विजय नागर, अनित भाटी, राजू राव, आसिफा, किशनशर्मा, देवेश चौधरी, आर0 के0 प्रथम, कैलाश बंसल, रमेश यादव, रूबी चौहान, रमेश बाल्मीकि, नितीश चौधरी, सचिन जीनवाल, सचिन शर्मा, तनवीर अहमद, अरविन्द रेक्सवाल, अरुण भाटी, महाराज सिंह नागर, दीपक प्रजापति, योगी प्रधान, यश भाटी,बिन्नू भाटी, रमेश जीनवाल, रूपेश भाटी राज सिंह भाटी सचिन भाटी, इंद्रेश कुमार, अमित भाटी, राहुल, पुनीत भाटी पवन भाटी, नरेश कुमार,आशु पहलवान,सरूप भगवत, सईद,राहुल मिश्रा, नरेश शर्मा, आशु,आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 3000 फीट लम्बी भव्य तिरंगा यात्रा निकाली



**नोएडा ( चेतना मंच )।** स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर, 15 अगस्त 2025 को नोएडा में एक भव्य एवं ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा प्रातः 10 बजे नोएडा स्टेडियम, गेट नं. 4 से प्रारंभ हुई, जिसमें हजारों देशभक्त जन, समाजसेवी एवं गणमान्य अतिथि शामिल थे।

इस अवसर पर, 3000 फीट लंबा भव्य तिरंगा यात्रा का मुख्य आकर्षण था, जो हमारे राष्ट्र गौरव और एकता का अद्वितीय प्रतीक है।

हम हृदय से आमंत्रित करते हैं कि आप सभी इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बनें, इसे अपने कैमरों में कैद करें और देशभर तक इसकी गूंज पहुँचाएँ। आपकी उपस्थिति और कवरेज इस आयोजन को और अधिक भव्य बनाएगी।

# जनपद में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस का हुआ आयोजन

**नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश पर स्वतंत्रता दिवस 2025 के अवसर पर हर घर




तिरंगा कार्यक्रम की श्रृंखला में आज दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल नॉलेज पार्क-5 ग्रेटर नोएडा में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस का आयोजन हुआ, जिसका मुख्य विकास अधिकारी डॉक्टर शिवाकांत द्विवेदी द्वारा कार्यक्रम का फीता काटकर विधिवत्त शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर विभाजन विभीषिका की एक प्रदर्शनी आयोजित की गई, जिसमें विभाजन को दर्शाने वाली किताबें और क्लिपिंग व शॉर्ट डॉक्युमेंट्री का प्रदर्शन किया गया। साथ ही दिल्ली पब्लिक स्कूल के प्रांगण में प्रदर्शनी एवं स्कूली बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने स्कूल प्रिंसिपल जो स्वयं विभाजन की त्रासदी झेल चुके परिवार की सदस्य हैं, को पौधा देकर सम्मानित किया गया।

मुख्य विकास अधिकारी ने बच्चों से आह्वान किया कि बच्चों विभाजन विभीषिका की पुस्तक पड़े तब आपको ज्ञात होगा कि विभाजन से कितना दर्द होता है कितनी तकलीफों से गुजरना पड़ता है विभाजन का दर्द आज भी हमारे हृदय में उठ पड़ता है। उन्होंने कहा कि हम सबको आपसी सौहार्द के साथ अपने देश के निर्माण के लिए आगे बढ़ाना है और देश की तरक्की के साथ-साथ इसकी रक्षा के लिए सतत समर्पित रहना है।

इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पवार, जिला दिव्यांगजन अधिकारी आशीष कुमार, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी लवेश कुमार सिसोदिया, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी कुमुद चौधरी, अन्य जिला स्तरीय अधिकारी गण, शिक्षक एवं स्कूली बच्चों तथा गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# ईकोटेक थ्री, हबीबपुर व कुलेसरा में जलभराव से मिली निजात




**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा के कुलेसरा, हबीबपुर और इकोटेक थ्री में बारिश होने पर जलभराव की वर्षों पुरानी समस्या का समाधान हो गया है। बारिश के पानी की निकासी के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की तरफ से पाइपलाइन का कार्य पूरा हो गया। बृहस्पतिवार सुबह तेज बारिश से जलभराव की समस्या न हो, इसे देखते हुए प्राधिकरण की एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस व सुमित यादव ने ईकोटेक 3 का मौके पर जायजा लिया और जल निकासी के लिए डाली गई पाइपलाइन को शुरू करा दिया है। हालांकि पैरापिट वॉल बनाने का कार्य बाकी है, जो कि बारिश खत्म होने के बाद किया जाएगा। बारिश का पानी ईकोटेक 3 से सीआईएसफ कैंप रोड और लखनावली होते हुए हिंडन नदी में गिराया जा रहा है। इससे इकोटेक थ्री और कुलेसरा में जलभराव की पुरानी समस्या हल हो गई। इससे पहले एसीईओ सुमित यादव ने ग्रेनो वेस्ट के निर्माणाधीन अंडरपास से लेकर गौड मॉल होते हुए इटैड़ा गोलचक्कर तक पैदल निरीक्षण किया। हालांकि इस रूट पर जलभराव की स्थिति न दिखने पर संतोष जाहिर किया।

इस दौरान वरिष्ठ प्रबंधक चेतराम सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक नरोत्तम सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक सन्नी यादव, वरिष्ठ प्रबंधक प्रभात शंकर भी साथ रहे। इसके बाद एसीईओ सुमित यादव ने परी चौक और एक्सपो मार्ट के आसपास के एरिया का जायजा लिया। जलभराव न होने देने और ट्रैफिक व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए।

# डीएससी रोड की सफाई के लिए चला विशेष सफाई अभियान



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** स्वतंत्रता दिवस को देखते हुए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर विशेष सफाई अभियान चला गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बृहस्पतिवार को डीएससी रोड पर ड्रेनेज और सड़क किनारे की गंदगी को साफ करने के लिए विशेष सफाई अभियान चलाया गया। क्विक रेस्पोंस टीम ने डीएससी रोड के एक छोर से लेकर दूसरे छोर तक कूड़ा उठाया। टीम अपने साथ जेसीबी और टिपर लेकर चली। जहां भी कूड़ा दिखा उसे तत्काल उठाया गया। ड्रेनेज की सफाई हो जाने से बारिश का पानी आसानी से निकलने लगा। इसी तरह ग्रेटर नोएडा सेक्टर ओमेगा-2, पी-7 सहित कई अन्य जगहों पर भी सफाई अभियान चलाया गया।

# 78वां स्वतंत्रता दिवस मनाया, सेनानियों को दी श्रद्धांजलि

**नोएडा ( चेतना मंच )।** 78वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में चैलेंजर्स ग्रुप द्वारा सेक्टर-22 स्थित चौड़ा रघुनाथपुर में गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चैलेंजर्स की पाठशाला के छात्र-छात्राओं ने स्वतंत्रता सेनानियों, अमर शहीदों और बलिदानियों को अनूठे अंदाज़ में श्रद्धांजलि अर्पित की।



कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने देशभक्ति गीत, रैली, कविताओं और नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से आज़ादी के महान संघर्ष और उसमें दिए गए बलिदानों को जीवंत कर दिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण तिरंगे से लिपटी भारत माँ की भव्य झांकी रही, जिसने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। पूरा परिसर तिरंगे की थीम और देशभक्ति के रंगों से सराबोर रहा।

चैलेंजर्स ग्रुप के संस्थापक प्रिंस शर्मा ने कहा, स्वतंत्रता दिवस केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि उन स्वतंत्रता सेनानियों और शहीदों के बलिदान को स्मरण करने का अवसर है, जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर हमें स्वतंत्र भारत का उपहार दिया।

चैलेंजर्स ग्रुप की यह पहल न केवल बच्चों में देशभक्ति की भावना जागृत करने में सफल रही, बल्कि समाज में राष्ट्रीय एकता और सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश भी प्रसारित किया, इस मौके पर रोशनी कुमारी, अंशु, अंशिक, तमन्ना, अर्जुन, सुंदरम, ललिता, काजल, आदि साथी मौजूद रहे

# निठारी में प्राधिकरण ने वाटर एटीएम का किया अनावरण

**नोएडा ( चेतना मंच )।** स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर नौएडा क्षेत्र के नागरिकों को स्वच्छ पेयजल सुविधा प्रदान करने हेतु जल विभाग के प्रयास से टाटा प्रोजेक्ट लिमिटेड द्वारा सी0एस0आर0 फंड के अन्तर्गत ग्राम निठारी, सैक्टर-30, सरकारी अस्पताल के समीप नवनिर्मित वाटर ए0टी0एन0 का उद्घाटन मुख्य कार्यपालक अधिकारी, लोकेश एम0 (आई ए एस.) द्वारा अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी (एस0 के0/के0 के0/एस0पी0) एवं के प्रतिनिधि तथा महाप्रबन्धक (जल) आर.पी. सिंह की उपस्थिति में किया गया। स्थापित वाटर ए0टी0एम0 सुविधा द्वारा आम जनमानस को स्वच्छ शीतल पेयजल आपूर्ति निःशुल्क प्रदान की जायेगी। इस वाटर ए0टी0एम0 की क्षमता 1200 ली0 प्रति घंटा है, जल विभाग द्वारा वाटर ए0टी0एम0 को प्रतिदिन प्रातः 7 बजे से 12 बजे




तक एवं संध्या 5 बजे से 8 बजे तक जनमानस की सुविधा हेतु निःशुल्क संचालित किया जायेगा। जल विभाग द्वारा नौएडा क्षेत्र में अबतक 08 अदद वाटर ए0टी0एम0 को ष्टस्क्र फंड से निर्मित कर कर मुख्य कार्यपालक अधिकारी महोदय द्वारा जनमानस को समर्पित्त किया जा चुका है। इस मौके पर सीईओ डॉ. लोकेश एम व अन्य अधिकारी मौजूद थे।







# M/s K.R. Construction Company

B-184, Sector-3, Greater Noida

